
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 26.06.2023 से 03.07.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस

**(दिनांक 26.06.2023)**

**प्रभाव :** हरियाणा से नशे की कुरीति को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शिरकत कर प्रदेशव्यापी नशा मुक्त–हरियाणा अभियान की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार के साथ संत समाज सहयोगात्मक तरीके से नशा पीड़ितों को जागरूक कर उन्हें समाज में मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे और नागरिकों को भी नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताएंगे, ताकि कोई व्यक्ति नशे का आदि न बने।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस दिन का सही उद्देश्य तभी सफल होगा, जब हम मिलकर एक अभियान चलाएं और इस अभियान को समाज हित में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने



# साप्ताहिक सूचना पत्र




आह्वान किया कि नशे की समस्या को दूर करने के लिए संत जनों के माध्यम से समाज के अंदर हर व्यक्ति, हर संस्था अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जो क्षेत्र खासकर सिरसा से लेकर अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला, इस समस्या से प्रभावित है, वहाँ से सभी संस्थाओं को बुलाया गया है।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज इस कार्यक्रम में संतों, एनजीओ, नशा मुक्ति केंद्रों और विभिन्न खापों के प्रतिनिधि भी आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार साधन उपलब्ध करवा सकती है, इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया करवा सकती है और योजनाओं में सहयोग कर सकती है, लेकिन जन जागरण का काम सामाजिक लोग ही कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत एक टास्क फोर्स बनाई जाएगी, जिसमें सभी सामाजिक संस्थाएँ, धार्मिक संस्थाएं, सरकार के प्रतिनिधि व पुलिस अधिकारी तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि इस टास्क फोर्स का हिस्सा होंगे। सभी लोग आपसी समन्वय स्थापित कर पूरे प्रदेश में अभियान चलाएंगे। उन्होंने बताया कि दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने हेतु मोबाइल ऐप साथी बनाया है।

अपराधिक गतिविधियों के डेटाबेस के लिए सॉफ्टवेयर हॉक विकसित किया है तथा पंचकूला में अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की गई है। इसके अलावा, राज्य सरकार जन जागृति के लिए विशेष जागरूकता अभियान चला रही है।

इसके लिए ग्राम से राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया है। उन्होंने कहा कि यदि मन में आत्मबल, साहस और शक्ति हो तो नशा या कोई भी समस्या को दूर किया जा सकता है और उस पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, मेडिटेशन या योग साधना को भी जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाकर नशे की समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को भी संस्कार मिलने चाहिए कि नशा एक बुरी चीज है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित जनों से हरियाणा को नशामुक्त करने के लिए शुरू की गई पहल को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देने और अन्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने की



शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने भी नशा मुक्ति के लिए विचार साझा किए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर राज्य भर में लगभग 101 करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थो का निस्तारण किया गया है। पंचकूला में आज 25 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया।

यह देश में पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं के मुद्दे पर सीधे 411 थानों के लगभग 1200 एसएचओ, सीआईए प्रभारियों, थाना मुंशी से नशे की रोकथाम के लिए सीधा संवाद किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने पुलिस बल की उनके अथक समर्पण के लिए सराहना की और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की



# साप्ताहिक सूचना पत्र




आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को पुलिस स्टेशनों में तैनात कर्मियों के बराबर एक महीने में अधिकतम 20 डेली देने की घोषणा की।

उन्होंने कांस्टेबलों और हेड कांस्टेबलों के लिए 200 रुपये, एएसआई के लिए 250 रुपये, एसआई के लिए 300 रुपये और इंस्पेक्टरों के लिए 400 रुपये मासिक मोबाइल भत्ता देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह भी घोषणा की कि पुलिस स्टेशनों में तैनात मुंशियों को आतिथ्य सत्कार के लिए प्रति माह 3000 रुपये दिए जाएंगे।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा पुलिस का प्रहरी ऐप भी लॉन्च किया। उन्होंने हरियाणा पुलिस के प्रतीक चिन्ह का भी अनावरण किया और इसे हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल की वर्दी पर सुशोभित भी किया।

# खड़क मंगोली नदी में फंसी महिला को बचाने वाले लोगों को पुरस्कार

(दिनांक 26.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी अपने पंचकूला जिले के खड़क मंगोली गांव में बरसाती पानी के तेज बहाव में कार सहित फंसी महिला की जान बचाने वाले 15 व्यक्तियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। महिला की जान बचाने का साहसिक कार्य करने में सम्मिलित व्यक्तियों को कुल 3,15,000 रुपये की नगद राशि तथा प्रशंसा पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। ज्ञात है कि 25 जून, 2023 की सुबह करीब 9.30 बजे जिला पंचकूला की एक महिला श्रीमती संगीता बजाज, 69 वर्ष निवासी, एमडीसी पूजा करने के लिए गई थी और अपनी गाड़ी सहित खड़क मंगोली नदी में फंस गई थी। इसी दौरान अचानक से नदी में ज्यादा पानी आने के कारण उक्त महिला गाड़ी सहित नदी में बहने लगी। यह देख वहाँ उपस्थित खड़क मंगोली के 15 व्यक्तियों (14 युवक व 1 युवती) द्वारा अदम्य साहस दिखाते हुए उक्त महिला को काफी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाला गया। इनके इस साहसिक कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।



# बल्लभगढ़ और पलवल के बीच बनने वाले मेट्रो प्रोजेक्ट की टैक्नो फिजिबिलिटी रिपोर्ट पर काम शुरू

(दिनांक 27.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के दो दिन बाद बल्लभगढ़ से पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए धरातल पर काम शुरू हो गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वीकृति के बाद मेट्रो प्रोजेक्ट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी के लिए 26 जून को आदेश जारी हुए और आज से इस पर काम भी शुरू हो गया। बल्लभगढ़ से पलवल तक कॉरिडोर पर स्टेशनों की संभावित संख्या 10 प्रस्तावित है। कॉरिडोर सेक्टर 58–59, सीकरी, सोफ्ता, पृथला, बघौला, आल्हापुर और पलवल के औद्योगिक क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 24 किलोमीटर है।

बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन, बल्लभगढ़ बस स्टैंड, राजा नाहर सिंह मेट्रो स्टेशन और पलवल बस स्टैंड के साथ एकीकरण की योजना बनाई जाएगी। परिवहन परामर्श और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी कंपनी राइट्स लिमिटेड द्वारा आगामी कुछ दिनों में इस रूट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी पूरी कर ली जाएगी।

इसके अलावा पलवल के लिए कंप्रीहैंसिव मोबिलिटी प्लान भी तैयार किया जा रहा है। यह एलिवेटेड मेट्रो रूट होगा और इस पर 180 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर की अनुमानित लागत आएगी। पूरे प्रोजेक्ट पर 4320 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद प्रोजेक्ट को अप्रूवल के लिए हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी) के पास भेजा जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस संबंध में जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं।

# योगशालाओं व व्यायामशालाओं के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक

(दिनांक 27.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहाँ योगशालाओं और व्यायामशालाओं के निर्माण, हस्तांतरण व रखरखाव के संबंध में विभिन्न विभागों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में योगशालाओं व व्यायामशालाओं के संचालन में यूथ क्लबों की सक्रियता बढ़ाई जाए, इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग तत्काल मैपिंग करे कि किन गांवों में रजिस्टर्ड यूथ क्लब हैं। इसके अलावा गांवों में कोई न कोई पार्क या ऐसा कोई स्मार्ट स्थान होना चाहिए जहाँ लोग अपनी दिनचर्या के बारे चर्चा कर सकें। बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत करवाया गया कि पहले चरण में 1000 योगशालाओं व व्यामशालाओं का निर्माण किया जाना है जिनमें से 729 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। 648 योग सहायकों को नियुक्त किया गया है जो लोगों को योग प्रशिक्षण दे रहे हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र



अधिकारियों को निर्देश दिए कि योगशालाओं व व्यायामशालाओं की कैटेगरी बनाई जाए ताकि उनका मूल्यांकन किया जा सके और आदर्श व्यायामशाला की अवधारणा चरितार्थ हो सके। उन्होंने कहा कि योजना आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग के अलावा कबड्डी व अन्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के पारंपरिक खेलों से जोड़ना है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि आरंभ में इनके निर्माण के कार्य ग्रामीण विकास विभाग को पूरे स्टेट फण्ड से करवाने की जिम्मेवारी दी गई थी। अब इसे 20–80 अनुपात में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को व्यायामशालाओं की मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी दी जानी चाहिए। इसके अलावा गांवों में पंचायती जमीन कहां–कहां है इसकी भी मैपिंग करवाई जाए। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जो योग सहायक सही ढंग से अपना कार्य नहीं कर रहे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अमृत सरोवर मिशन

(दिनांक 28.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय प्रधानमन्त्री जी के नेतृत्व में शुर हुए और मुख्यमंत्री जी के सफल प्रयासों से हरियाणा सरकार ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अमृत सरोवर मिशन के तहत 98.60 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा कर लिया है।

इस योजना के तहत प्रदेश में कुल 1650 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं, जिनमें से कुल 1627 अमृत सरोवरों का निमार्ण पूर्ण हो गया है। इनमें 558 मॉडल पोंड तथा 1069 मनरेगा पोंड शामिल हैं। शेष अमृत सरोवरों के लक्ष्य को भी 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में हरियाणा तालाब प्राधिकरण प्रदेश के सभी तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए कार्य कर रहा है। प्राधिकरण पॉन्ड डाटा मैनेजमेंट सिस्टम (पीडीएमएस) में उपलब्ध कुल 19487 तालाबों में से प्राथमिकता पर 11836 प्रदूषित तालाबों को पूर्ण जीवित करने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रदेश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं, जिसे 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमृत फेस के अंतर्गत अमृत सरोवर मिशन के चार मापदंडों के अनुसार सभी 1650 तालाबों को 30 जून तक पूर्ण किया जाना है।

आदर्श तालाबों के कारण ग्रामीणों के जनजीवन में बदलाव आया है। आदर्श तालाबों के चारों ओर वृक्षारोपण के कारण पर्यावरण में भी सुधार हुआ है। मछली पालन, सूक्ष्म सिंचाई एवं पर्यटन योजनाओं के कारण प्रदेश को आय का स्त्रोत भी बनेगा।

इतना ही नहीं, वर्ष 2022–23 में तालाबों की जल क्षमता में 1594 करोड़ लीटर तथा रिचार्जिंग में 956 करोड़ लीटर की वृद्धि हुई है।

# सीए दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

(दिनांक 30.06.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अपने निवास संत कबीर कुटीर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सीए डायरेक्टरी का विमोचन किया।

देशभर में 1 जुलाई को चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया जाता है। दी इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएआई) चंडीगढ़ शाखा का एक प्रतिनिधिमंडल चेयरमेन सीए विशाल पुरी तथा सदस्य संजय टंडन की अगुवाई में माननीय मुख्यमंत्री जी से मिला और आईसीएआई की समूची कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारियों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने आह्वान किया कि देश की हेल्थ और वेल्थ यानी अर्थव्यवस्था में सीए समुदाय



# साप्ताहिक सूचना पत्र



अपनी कर्तव्यनिष्ठा और नैतिकता से योगदान देते रहें। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने में सीए प्रोफेशनल्स का योगदान न केवल सराहनीय है बल्कि महत्वपूर्ण भी है। चेयरमेन सीए विशाल पुरी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि उत्तर भारत के कोने कोने से सीए की पढ़ाई के लिये सेक्टर 35 स्थित सीए भवन अध्ययनरत स्टूडेंट्स और प्रेक्टिसिंग सीए को ओर अधिक सुविधायें देने की दृष्टि से पंचकूला में चार्टेड अकाउंटेंटस सेंटर ऑफ ऐक्सीलेंस के लिये जगह निर्धारित की जाये। माननीय मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस दिशा में कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि आईसीएआई संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है जो कि देश भर के सीए के पेशे को विनियमित करने के लिए 1 जुलाई 1949 को अस्तित्व में आई थी।

# निरोगी हरियाणा योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद


(दिनांक 01.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स–डे के अवसर पर सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निरोगी हरियाणा योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के संकल्प को पूरा करने हेतु शुरू की गई निरोगी हरियाणा योजना सकारात्मक परिणाम ला रही है।

अब तक इस योजना के तहत 13 लाख 70 हजार नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है। समय पर स्वास्थ्य जांच होने से अनेक लोगों में बीमारियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लग रहा है, जिससे बीमारियों का आरंभिक अवस्था में ही इलाज संभव हो रहा है।

संवाद के दौरान लाभार्थियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की योजना चलाकर हरियाणा सरकार ने जरूरतमंदों को बहुत बड़ा लाभ दिया है। पहले किसी भी प्रकार के टेस्ट तभी करवाते थे, जब शरीर में कभी दर्द या कोई अन्य प्रकार की समस्या होती थी। वरना कभी टेस्ट करवाने के बारे में सोचते ही नहीं थे। ऐसी योजना चलाकर हम जैसे नागरिकों के मुफ्त में टेस्ट करवाए जा रहे हैं, इससे बड़ा लाभ हमारे लिए ओर कुछ नहीं हो सकता।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सर्वे



# साप्ताहिक सूचना पत्र



भवन्तु सुखिन रू सर्वे सन्तु निरामयाःष् के लक्ष्य के साथ प्रदेश के नागरिकों को उच्चकोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। निरोगी हरियाणा योजना भी अंत्योदय अभियान का ही एक हिस्सा है। गरीब की आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति में सुधार के अलावा उसके उत्तम स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना भी एक हमारा लक्ष्य था। इसीलिए 29 नवम्बर, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदेश में निरोगी हरियाणा योजना का शुभारम्भ किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निरोगी हरियाणा योजना प्रथम चरण में 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले 30 लाख 60 हजार अंत्योदय परिवारों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। इन परिवारों में कुल 1 करोड़ 21 लाख 54 हजार सदस्य हैं।

इन सबके स्वास्थ्य की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अब तक स्वास्थ्य जांच के दौरान 2 लाख 13 हजार लोग किसी न किसी बीमारी से पाए गए ग्रस्त है।

इनमें से लगभग 55 हजार लोग एनीमिया से ग्रस्त पाये गये हैं। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। इसलिए बहन–बेटियों से अनुरोध करता हूं कि अपने स्वास्थ्य की जांच समय–समय पर करवाती रहें और डॉक्टर द्वारा दी गई आयरन की गोली अथवा अन्य दवाई समय पर लें। इसी प्रकार, ब्लड प्रेशर के भी काफी मरीज मिल रहे हैं। साढ़े 23 हजार लोगों को अस्पतालों में ईलाज के लिए रेफर भी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

किया गया और अधिकतर का ईलाज हो गया है या चल रहा है। इससे पता चलता है कि स्वास्थ्य की जांच करवाना कितना जरूरी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बीमारी से बचना बीमार होने से बेहतर है। इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखें ताकि बीमार हो न हों। इसके लिए उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अपनी दिनचर्या में योग अथवा व्यायाम को अवश्य शामिल करें। साथ ही स्वस्थ खानपान पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद शरीर को निरोगी रखने की बहुत पुरानी पद्धति है। इसलिए सरकार ने गांवों में योगशालाएंध् व्यायामशालाएं खोली हैं ताकि लोग योग व व्यायाम करके अपने शरीर को निरोगी रखें। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पैसे की कमी के कारण ईलाज न करवाने की गरीब लोगों की पीड़ा को समझते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब परिवारों के उपचार के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना शुरू की है। हरियाणा सरकार ने भी



इसका विस्तार करते हुए चिरायु हरियाणा योजना को आरंभ किया है। इसमें 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक का स्वास्थ्य कवर मिल रहा है। अब इसमें 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार भी शामिल किये जाएंगे। इस योजना में प्रदेश के लगभग 29 लाख परिवार कवर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 1.11 करोड़ व्यक्ति आयुष्मान भारत चिरायु योजना के पात्र हैं। इस योजना में लगभग 80 लाख लोगों के आयुष्मान भारत–चिरायु कार्ड बन चुके हैं।

# करनाल में राहगिरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन

(दिनांक 02.07.2023)

**प्रभाव :** करनाल शहर के मुख्य बाजार में स्थित वाल्मीकि चौक (घंटाघर) पर भव्यरूप से राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता के उत्साहवर्धन के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और राहगिरी कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले कलाकारों, खिलाडियों तथा युवाओं के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया।

बीन–बाजे व ढोल नगाड़ों के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी का राहगिरी कार्यक्रम में जोरदार स्वागत किया गया। राहगिरी कार्यक्रम ने आम जनता के दिलों–दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मस्ती से लेकर अलग–अलग खेल गतिविधियों के साथ–साथ द ग्रेट खली लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि करनाल में राहगिरी का कार्यक्रम पहले भी प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा और कोविड महामारी से बचाव के बाद पुनरू अति सुंदर ढंग से आगाज हुआ है जोकि बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से न केवल मनुष्य को



शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है बल्कि उसमें सकारात्मक सोच का भी संचार होता है। इन कार्यक्रमों से अच्छी बातें लोगों को सीखने को मिलती है। इतना ही नहीं, भाग– दौड़ की जिंदगी में मनुष्य का जीवन तनाव भरा रहता है, इससे भी छुटकारा मिलता है और मानसिक रूप से भी मजबूती मिलती है। लोग सुबह–सुबह उठकर सड़कों पर आकर योग, खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने लोगों का आह्वान किया कि राहगिरी कार्यक्रम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और नियमित रूप से इससे जुड़े रहें। उन्होंने राहगिरी कार्यक्रम के आयोजकों से भी कहा कि वे राहगिरी कार्यक्रम को एक सप्ताह में या 15 दिन में अवश्य आयोजित करें, कोशिश करें कि अलग–अलग स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा सकें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ ले सकें।



राहगिरी कार्यक्रम एक राजनीति से ऊपर उठकर आम जनता के लिए एक सामाजिक मेला है। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में आपसी प्रेम भाव भी बढ़ता है तथा समाज व देशहित के बारे में अच्छी बातें निकलकर सामने आती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहगिरी कार्यक्रम का थीम सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करना है, जिससे आम जनता स्वयं भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने से दुघर्टनाओं पर रोक लगती है और लोगों का जीवन सुरक्षित रहता है। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता के लिए सरकार के साथ–साथ आम जनता व संस्थाओं को आगे आना होगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि जहां सड़क पर वाहन चलाने वालों का अधिकार है, उतना ही अधिकार पैदल चलने वालों का है। इसलिए वाहन चालक ट्रैफिक नियमों की दृढ़ता से पालना करें।



उन्होंने कहा कि राहगिरी कार्यक्रम के माध्यम से बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा नशा मुक्ति का संदेश दिया जा रहा है। इन संदेशों को संत महात्माओं, ऋषि मुनियों तथा विभिन्न संस्थाओं के द्वारा भी प्रसारित किया जा रहा है ताकि समाज में एक बदलाव आए और लोंगों का जीवन सरल, सुगम और खुशहाल बने।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने राहगिरी कार्यक्रम में पौधारोपण किया और आम जनता को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानसून का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसा मौसम पौधारोपण के लिए उपयुक्त है, इसमें हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने राहगिरी कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति व मेरा मिशन–मेरा भारत की ओर से करवाए जा रहे योगाभ्यास में भाग लिया और कहा कि सभी नागरिक योग करें और निरोगी रहें। योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने जीवन को स्वस्थ व सुखमय रखें।

राहगिरी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जूडो–कराटे प्रतियोगिता में हाथ आजमाए और प्रतिद्वंदी को पटखनी दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने खिलाडियों के बीच जाकर उनका उत्साह बढ़ाया और खिलाडियों के साथ फोटो भी खिंचवाए।

राहगिरी कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवा तथा आमजन की भागेदारी देखने को मिली। राहगिरी कार्यक्रम में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया गया, वहीं विभिन्न स्पोर्टस गतिविधियां व अन्य एक्टिविटी भी आयोजित की गई। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, वहीं प्रसिद्ध कलाकारों की गायकी भी सुनने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय रेसलर दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली आकर्षण का केन्द्र रहे।

# करनाल जिले के विभिन्न गावों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 02.07.2023)

**प्रभाव :** कलामपुरा गांव में जनसंवाद –माननीय मुख्यमंत्री जी ने रविवार को करनाल जिले के गांव कलामपुरा में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इससे पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने गांव कलामपुरा के सामुदायिक केन्द्र के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। जन संवाद में एक 60 वर्ष के अविवाहित बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री के समक्ष पेंशन संबंधी शिकायत रखी, जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 45 से 60 साल तक अविवाहित पुरूष एवं महिला को पेंशन देने की योजना पर सरकार विचार कर रही है। इस योजना पर सरकार करीब एक माह के अंदर फैसला लेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने गांव कलामपुरा में संस्कृति मॉडल स्कूल बनाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने राजकीय स्कूल के नए भवन का



# साप्ताहिक सूचना पत्र



निर्माण करने और काछवा से कलामपुरा तक सड़क का अगले दो महीने में निर्माण करने के लिए भी अधिकारियों को आदेश दिए। इसके अलावा राजकीय स्कूल में वॉलीबॉल खेल मैदान बनाने के साथ–साथ तालाब का जीर्णोद्धार करने की भी घोषणा की। इसके अलावा सरपंच द्वारा रखी गई 19 मांगों का अध्ययन करने के बाद सभी को पूरा करने का आश्वासन दिया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गांव कलामपुरा के विकास पर सरकार की ओर से 6 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है तथा सामुदायिक केन्द्र के निर्माण को भी पूरा किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त को आदेश दिए कि करनाल के सभी गांवों में बीएसएनएल के सहयोग से इंटरनेट सेवाएं दी जाएं। आज के समय में 70 से 80 प्रतिशत कार्य ऑनलाईन प्रणाली से किए जाते हैं। इसलिए गांव में इंटरनेट सेवा का होना जरूरी है और करनाल पहला ऐसा जिला होगा जहां प्रत्येक गांव में बीएसएनएल की इंटरनेट सेवा

उपलब्ध होगी।

गांव कलामपुरा में बैंक खोलने की मांग पर बोलते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिस गांव में कॉपरेटिव बैंक की शाखा नहीं है। उस गांव में एलडीएम के माध्यम से दूसरे बैंक की मोबाईल सेवा का लाभ दिया जाए।

**डबरी गांव में जन संवाद कार्यक्रम**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने डबरी गांव में जनसंवाद के दौरान गांव के युवाओं द्वारा गांव में स्टेडियम न होने की बात पर गांव में दो एकड़ में व्यायामशाला बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव के निकट कोई किसान पंचायती भूमि के बदले में जितना जल्दी दो एकड़ जमीन दे देगा, उतनी जल्दी व्यायामशाला का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा, माननीय मुख्यमंत्री जी ने गांव में पार्क में जिम बनाने तथा एक लाइब्रेरी की स्थापना करने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं, बुजुर्गों और सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों पर



# साप्ताहिक सूचना पत्र

गंभीरता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सांझी खेवट की समस्या के समाधान एक लिए राज्य सरकार काम कर रही है।

एक बुजुर्ग महिला ने पेंशन नहीं आने की समस्या बताई तो माननीय मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही चेक करवाया और समस्या का समाधान करने के आदेश दिए। एक अन्य महिला द्वारा राशन कार्ड कटने संबंधी शिकायत पर तत्काल उसका राशन कार्ड बनाने का आदेश दिया। साथ ही उनके परिवार की आमदनी की जांच करने के भी निर्देश दिए।

गांव से काफी संख्या में युवाओं के विदेश जाने की बात सामने आने पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कबूतरबाजों के चक्कर में न पड़ें। पाल नगर में चौपाल के लिए ग्रांट की बात रखे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही ग्रांट जारी कर दी जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार लोगों के द्वार पर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। पिछली सरकारो में लोगों को सीएम, मंत्री और विधायकों के चक्कर काटने पड़ते थे। यहां तक कि चंडीगढ़ में कई–कई दिनों रहकर अपने काम करवाने के लिए भटकना पड़ता था। हमारी सरकार ने लोगों को पारदर्शी और ऑनलाईन प्रणाली से घर बैठे तमाम सुविधाएं देने का काम किया है। प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर ई गवर्नेंस अपनाते हुए ऐसा सिस्टम बनाया है जिससे अब लोगों को किसी भी कार्य के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। सब काम घर बैठे हो जाते हैं। परिवार पहचान पत्र बनने के बाद बार–बार अपने बारे में जानकारी देने की भी जरूरत नहीं पड़ती। चाहे जाति प्रमाण पत्र हो, निवासी प्रमाण पत्र हो सब ऑनलाइन एक क्लिक के माध्यम से प्राप्त होता है। अब ट्रांसफर के लिए भी चंडीगढ़ की बजाय ऑनलाईन प्रणाली से अपनी पसंद के अनुसार स्टेशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। सरकार युवाओं

# साप्ताहिक सूचना पत्र

को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकार ने हरियाणा रोजगार कौशल निगम के माध्यम से अस्थाई नौकरियां दी हैं, वहीं मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए हैं।

जन संवाद में मुख्यमंत्री ने लोगों से पारदर्शी तरीके से नौकरी मिलने के बारे में पूछा तो एक युवा ने बताया कि अब नौकरियों के लिए किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ती।

गांव के दो लड़के सरकारी सेवा के लिए चयनित हुए हैं। दोनों में से किसी को भी किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का जीवन सुखी हो, इसी ध्येय के साथ हमारी सरकार काम कर रही है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम किया गया है। यह हमारी सरकार के निर्णय का ही परिणाम है कि जनप्रतिनिधियों में आधी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सख्ती की, जिससे बेटियों का लिंगानुपात बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अब सब घरों में गैस सिलेंडर उपलब्ध है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर किसी घर में सिलेंडर नहीं है, उसके घर में 48 घंटे में सिलेंडर पहुंचा दिया जाएगा।

